E-mail

प्रारूप-I

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 487......**पटना, दिनांक**:– 11/02/2026

## आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर के पत्रांक 109 दिनांक 11.02.2025 द्वारा सुश्री प्रियंका सोनम (SCL14446), विशेष सर्वेक्षण लिपिक के विरूद्ध न तो प्रशिक्षण करने एवं ना ही शिविर कार्यालय में योगदान समर्पित करने एवं स्पष्टीकरण किये जाने पर जवाब नहीं देने के फलस्वरूप बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा संविदा समाप्ति की अनुशंसा की गयी है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 1509 दिनांक 27.03.2025 द्वारा स्पष्टीकरण की मांग की गयी। ससमय स्पष्टीकरण नहीं प्राप्त होने पर निदेशालय पत्रांक 4282 दिनांक 31.07.2025 द्वारा स्मारित किया गया एवं यह भी उल्लेख किया गया कि स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर संविदा समाप्ति के बिन्दु पर एक पक्षीय निर्णय लिया जाएगा।

विदित हो कि स्मारित किये जाने के बावजूद इनके द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना, कार्य करने के प्रति रूचि नहीं होना व आदेश की अवहेलना परिलक्षित होता है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है। इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है। इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः निदेशालय आदेश संख्या 685 दिनांक 17.03.2022 के कंडिका–7 के आलोक में "बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियामवली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022" की कंडिका–08 (4) के तहत सुश्री प्रियंका सोनम (SCL14446), विशेष सर्वेक्षण लिपिक बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर का दिनांक 13.09.2024 से संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

09/02/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 487 **पटना, दिनांक** 11/02/2026

**प्रतिलिपि** : सुश्री प्रियंका सोनम (SCL14446), विशेष सर्वेक्षण लिपिक, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 487 **पटना, दिनांक** 11/02/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (5) सं0आ0 (दरभंगा प्र0) –10/2025 487 **पटना, दिनांक** 11/02/2026

**प्रतिलिपि** : प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 09/02/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\ANUSHKA 2025 Mohini Order 10-2025 31-12-2025 (Samastipur).doc